प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मान

भारतीय कृषि अनुसंधान परिशद के भारतीय गेहूँ एवं जौ संस्थान द्वारा आयोजित तीन–दिवसीय पांचवे अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप मीटिंग (आई.जी.एम.) में विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शोध प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के गेहूँ एवं जौ शोध कार्यक्रम समन्वयक डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के मास्टर डिग्री में शोध कार्य के लिए श्री रशपाल सिंह को बेस्ट ओरल पुरस्कार तथा इसी विभाग की पीएच.डी. शोध छात्रा सुश्री तुषाद्रि सिंह को बेस्ट पोस्टर पुरस्कार एवं पादप रोग विज्ञान विभाग की पीएच.डी. शोध छात्रा सुश्री अदिति डोभाल को उनके प्रस्तुति के लिए बेस्ट ओरल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने तीनों विद्यार्थियों एवं उनके सलाहकार वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है।

1: श्री रशपाल सिंह,

2 सुश्री तुषाद्रि सिंह

3: सुश्री अदिति डोभाल।